6 महीने से 4 साल तक के बच्चों के लिए COVID-19 के अपडेटेड टीकों से जुड़ी जानकारी



2023-2024 में अपडेट किए गए COVID-19 के टीके छोटे बच्चों को गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और यहां तक कि COVID-19 से होने वाली मृत्यु से भी बचा सकते हैं। अध्ययनों से पता चला है कि COVID-19 के टीके असरदार हैं, लेकिन समय के साथ उनसे मिलने वाली सुरक्षा में गिरावट आ सकती है।

COVID-19 के टीकाकरण के साथ अप-टू-डेट रहना अभी भी इस सुरक्षा को बनाए रखने का सबसे असरदार तरीका है।

नीचे दिया गया चार्ट देखें और पता लगाएं कि COVID-19 टीकों के साथ अप-टू-डेट रहने के लिए आपके बच्चे को कितनी खुराकें लेनी होंगी?

टीके का ब्रांड	*उम्र*	*बिना टीकाकरण वाले बच्चों की खुराक*	*जिन बच्चों को पिछला COVID-19 टीका(टीके) लग चुका है*
Pfizer	6 महीने से 4 साल	**पहली खुराक**: अपडेट किया गया 2023-2024 टीका। **दूसरी खुराक**: पहली खुराक के 3 से 8 हफ़्ते बाद अपडेट किया गया 2023-2024 टीका। **तीसरी खुराक**: दूसरी खुराक के कम से कम 8 हफ़्ते बाद अपडेट किया गया 2023-2024 टीका।	**जिन्हें पिछली 1 खुराक मिली हो:** मूल खुराक के 3 से 8 हफ़्ते बाद अपडेट किए गए 2023-2024 टीके की दूसरी खुराक। अपडेट किए गए 2023-2024 टीके की दूसरी खुराक के 8 हफ़्ते बाद तीसरी खुराक **जिन्हें दो या 2 से ज़्यादा खुराकें मिली हों:** अपडेट किए गए 2023-2024 टीके की आखिरी खुराक के 8 हफ़्ते बाद 1 खुराक।
Moderna	6 महीने से 4 साल	**पहली खुराक**: अपडेट किया गया 2023-2024 टीका। **दूसरी खुराक**: पहली खुराक के 4 से 8 हफ़्ते बाद अपडेट किया गया 2023-2024 टीका	**जिन्हें पिछली 1 खुराक मिली हो:** अपडेट किए गए 2023-2024 टीके की आखिरी खुराक के 4 से 8 हफ़्ते बाद 1 खुराक। **जिन्हें दो या 2 से ज़्यादा खुराकें मिली हों:** अपडेट किए गए 2023-2024 टीके की आखिरी खुराक के 4 से 8 हफ़्ते बाद 1 खुराक।
Novavax	12 साल से कम उम्र के किसी बच्चे के लिए Novavax उपलब्ध नहीं है।		

अगर आप मध्यम या बहुत ही कमज़ोर इम्यूनिटी वाले हैं, तो आपके लिए दिशानिर्देश अलग होंगे।

Vaccinate WA

******जिन लोगों को हाल ही में SARS-CoV-2 संक्रमण हुआ था, वे* ***लक्षण दिखने या जाँच पॉजिटिव (अगर संक्रमण लक्षण रहित था) आने के 3 महीने बाद** COVID-19* ***टीका ले सकते हैं।*** *अध्ययनों से पता चला है (अंग्रेज़ी में) कि संक्रमण और टीकाकरण के बीच का समय बढ़ाने से टीकाकरण से मिलने वाली सुरक्षा बेहतर हो सकती है। साथ ही, संक्रमण के बाद हफ़्तों या महीनों तक दुबारा संक्रमण होने का जोखिम कम देखा गया है। संक्रमण के बाद खुराक लेने में देरी करनी है या नहीं, इसका फ़ैसला लेते समय COVID-19 की गंभीर बीमारी का जोखिम, समुदाय में COVID-19 के स्तर या सबसे ज़्यादा फैले SARSCoV-2 स्ट्रेन जैसे घटकों का ध्यान रखा जाना चाहिए।*

Washington State Department of HEALTH

DOH 688-003 | December 2023 Hindi इस दस्तावेज़ का अनुरोध अलग प्रारूप में करने के लिए 1-800-525-0127 पर कॉल करें।
बहरे या कम सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या doh.information@doh.wa.gov पर ई-मेल करें।